| Name | | Roll Number | |
|---|---|---|---|

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MIDDLE SECTION
## FIRST TERM EXAMINATION 2018-19

## HINDI (SECOND LANGUAGE)
## ANSWER KEY

Code:MYHN207

CLASS: VII — Time Allotted: 2 ½ Hrs.

19.09.2018 — Max .Marks: 80

**निर्देश :**

* इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं। खंड (क) खंड (ख) और खंड (ग)।
* इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं।
* प्रश्न पत्र में कोई उत्तर न लिखें।
* हर प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उसके सही उत्तर दें।

## खण्ड (क) पदय व गदय

**प्रश्न** — Marks

**प्रश्न 1** **निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(क)** **"ऐंठता तू किसलिए इतना रहा,**
**एक तिनका है बहुत तेरे लिए। "** — 5x1=5

1 प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं? **'एक तिनका'**

2 इस कविता का कवि कौन है? **अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'**

3 यह किसने, किससे कहा? **कवि की समझ ने कवि से**

4 'एक तिनका है बहुत तेरे लिए'- पंक्ति का क्या अर्थ है? **एक छोटा तिनका भी बहुत महत्त्व रखता है।**

5 उपर्युक्त पंक्तियों में से विशेषण व विशेष्य शब्द चुनकर लिखिए। **विशेषण-एक विशेष्य-तिनका**

**(ख)** **"मेरा वह सोने का संसार था। बाहर संपत्ति का वैभव था, भीतर सांसारिक सुख था।"** — 5x1=5

1 प्रस्तुत वाक्य किस पाठ से लिए गए हैं? **'मिठाईवाला'**

2 यह किसने, किससे कहा? **मिठाईवाले ने रोहिणी व दादी से कहा।**

3 इस पाठ का लेखक कौन है? **भगवतीप्रसाद वाजपेयी**

4 यहाँ 'सोने का संसार' कहकर किसे संबोधित किया गया है? **परिवार**

5 'संसार' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **जग,दुनिया,विश्व।**

**प्रश्न 2** **दिए गए शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए।** — 5x1=5

**1** ढब ढंग तरीका **2** कालकूट विष **3** मूँठ कपड़े का किनारा सिरा नोंक
**4** क्षुब्ध फैला समाया **5** व्याप्त दुखी अप्रसन्न उदास

**प्रश्न 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। (कक्षा-कार्य के अनुसार)** 6x1=6

1 कवि के अनुसार जीवन के पोषक तत्व कहाँ छिपे हुए हैं?

2 खिलौने देखते ही बच्चे क्या करते थे?

3 'एक तिनका' शीर्षक कविता में किस घटना की चर्चा की गई है?

4 मिठाईवाला महीनों बाद क्यों आता था?

5 कविता का शीर्षक 'विप्लव-गायन' रखने का क्या उद्देश्य है?

6 अपराध करने पर भी लेखक व उसके भाई कैसे अभयदान हासिल कर लेते थे?

**प्रश्न 4 किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए। (कक्षा-कार्य के अनुसार)** 5x2=10

1 खून को 'भानुमती का पिटारा' क्यों कहा जाता है?

2 आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

3 कवि के अनुसार क्रांति के गीत से कैसे परिवर्तन आ सकते हैं?

4 दादी माँ ने पिताजी और किशन भैया की मदद किस प्रकार की?

5 मिठाईवाले में वे कौन से गुण थे,जिनकी वज़ह से सभी उसकी ओर खिंचे चले जाते थे?

6 रक्त के बहाव को रोकने के लिए क्या करना चाहिए?

**प्रश्न 5 किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए। (कक्षा-कार्य के अनुसार)** 3x3=9

1 'विप्लव-गायन' शीर्षक कविता में कवि किसे परख लेने की बात कर रहा है?

2 पेट में कीड़े क्यों हो जाते हैं? इनसे कैसे बचा जा सकता है?

3 दादी माँ के स्वभाव का कौन-सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों?

4 ''प्राण निकाले नहीं निकले।''पंक्ति का भाव पठित पाठ 'मिठाईवाला' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड (ख) व्याकरण

**प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।** 2x½ =1

1 ज़ायकेदार = **ज़् + आ + य् + अ + क् + ए + द् + आ + र् + अ**

2 पुलकित = **प् + उ + ल् + अ + क् + इ + त् + अ**

**प्रश्न 7 नीचे दिए गए वर्णो के मेल से बने शब्द लिखिए।** 2x½ =1

1 द् + इ + ख् + आ + व् + अ + ट् + ई = **दिखावटी**

2 ब् + ए + च् + ऐ + न् + अ = **बेचैन**

**प्रश्न 8 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए।** 2x½ =1

1 तिरस्कार = **सत्कार**

2 संक्षेप = **विस्तार**

**प्रश्न 9 नीचे लिखे रेखांकित शब्दों के विलोम से रिक्त स्थान को पूरा कर वाक्यों को दुबारा लिखिए।** 2x½ =1

1 हमें शांत मन से हर समस्या का ---- ढूँढ़ना चाहिए। **समाधान**

2 यदि धूप से बचना चाहते हो तो पेड़ की ---- में आ जाओ। **छाँव**

**प्रश्न 10 निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द पहचानकर भेदों के नाम लिखिए।** 4x1=4

1 कुछ लोग छुट्टियाँ होते ही सुंदर जगहों पर घूमने जाते हैं। **कुछ लोग,सुंदर जगहों**

2 लालची सेठ मुझसे दस हज़ार रुपए माँग रहा था। **लालची सेठ,दस हज़ार**

3 नीले आकाश में असंख्य तारे सुंदर दिख रहे हैं। **नीले आकाश,असंख्य तारे**

4 मीठी बोली सज्जन व्यक्ति की पहचान होती है। **मीठी बोली,सज्जन व्यक्ति**

**प्रश्न 11 नीचे दिए गए रेखांकित शब्दों के कारक-भेद लिखिए।** 4x1=4

1 हे प्रभु! सुरभि की परीक्षा जल्दी खत्म हो जाए। **संबोधन कारक,संबंध कारक**

2 बुरी संगति से दूर रहो और अच्छी बातों में मन लगाओ। **अपादान कारक,अधिकरण कारक**

3 आप के लिए बाज़ार से क्या लाऊँ? **संप्रदान कारक,अपादान कारक**

4 मैं तुम्हारी गाड़ी सुधीर को दे रहा हूँ। **संबंध कारक,कर्म कारक**

**प्रश्न 12 निम्नलिखित रेखांकित शब्द-समूहों के लिए एक शब्द प्रयुक्त कर वाक्यों को दुबारा लिखिए।** 4x1=4

1 मैं अपने पैरों पर खड़ा होकर आगे की पढ़ाई करना चाहता हूँ। मैं **स्वावलंबी ........**

2 विद्या की चाह रखने वाले समय का महत्व अच्छी तरह समझते हैं। **विद्यार्थी.............**

3 वहाँ मंच पर उपस्थित कई लोग परिचित नहीं थे। **वहाँ..........अपरिचित थे।**

4 दूसरों की भलाई करने वाले को जीवन में सदैव सफलता मिलती है। **परोपकारी................**

**प्रश्न 13 नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया-भेद पहचानकर उनके नाम लिखिए।** 4x1=4

1 क्या तुमने सारे काम रामू से करवाए हैं? **प्रेरणार्थक क्रिया**

2 इन किताबों में रोचक कहानियाँ और कविताएँ होती हैं। **सकर्मक क्रिया**

3 मैंने घर की चाबी सुरभि को दी है। **दविकर्मक क्रिया**

4 कल तेज़ हवा के साथ बारिश हुई। **अकर्मक क्रिया**

**प्रश्न 14 नीचे लिखे गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 5x1=5

दूसरों को अपनी बोली या व्यवहार से दुख पहुँचाना यदि 'हिंसा' है तो अपने कर्म या वचन से किसी को कष्ट न देना 'अहिंसा'। भारतवर्ष में बहुत-से धर्मो को मानने वाले लोग रहते हैं। परंतु सभी धर्म में अहिंसा का अत्यधिक महत्त्व है। दूसरे शब्दों में, भारतीय धर्म और संस्कृति का आधार ही अहिंसा है। महात्मा बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक और महात्मा गांधी-जैसे महापुरुषों ने अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही संसार को ज्ञान दिया और जिसके कारण वे आज संपूर्ण मानव-जाति के लिए आदरणीय हैं। सच मानिए तो अहिंसा में वह शक्ति है जो हमें जीवन में हर तरह से योग्य बनाती है। आइए! आज और अभी से हम अहिंसा का पालन करते हुए आगे बढ़ने का प्रयत्न करें।

**प्रश्न**

1 'अहिंसा' से आप क्या समझते हैं? **अपने कर्म या वचन से किसी को कष्ट न देना 'अहिंसा' है।**

2 आज मानव-जाति के लिए कौन आदरणीय हैं? **महात्मा बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक और महात्मा गांधी**

3 हमें अहिंसा का पालन क्यों करना चाहिए? **अहिंसा में वह शक्ति है जो हमें जीवन में हर तरह से योग्य..**

4 वर्ण-विच्छेद कीजिए।

क) **महत्त्व** = म् + अ + ह् + अ + त् + त् + व् + अ

ख) **आदरणीय** = आ + द् + अ + र् + अ + ण् + ई + य् + अ

**5** उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक (Title) क्या होना चाहिए? **'अहिंसा का महत्त्व'**

**प्रश्न 15 दो मित्रों ने गरमी की छुट्टियाँ कैसे बिताई, उनके बीच के संवाद (40-50) शब्दों में लिखिए।** 5

**या**

**आप मस्कत शहर में रहते हैं। अपने मित्र/सहेली को मस्कत शहर के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 16 किसी एक विषय पर लगभग (130-140) शब्दों में निबंध लिखिए। (इच्छानुसार)** 10

**1** शिक्षक-दिवस **2** मेरी प्रिय पुस्तक **3** भारत की मुख्य ऋतुएँ